मांग संख्या 24

मुख्य शीर्ष 3054

मद कमांक 1

राज्य शासन द्वारा राष्ट्र ीय राजमार्ग कमांक 12-ए के कि.मी. 224 से 231 तक (बोड़ला से पोडी मार्ग) सुदृढ़ीकरण कार्य कराने का निर्णय लिया गया है, जिसकी अनुमानित लागत रूपये 530.66 लाख है । इस कार्य पर इस वर्ष रूपये 100.00 लाख का व्यय संभावित है ।

अत: इस प्रयोजन हेतु राशि रूपये 1,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मद कमांक 2

राज्य शासन द्वारा पंडरिया-बजाग मार्ग के कि.मी. 13 से 37 तक सुदृढ़ीकरण कार्य कराने का निर्णय लिया गया है, जिसकी अनुमानित लागत रूपये 921.00 लाख है । यह राशि भारत सरकार से प्राप्त होगी ।

अत: इस प्रयोजन हेतु राशि रूपये 9,21,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मुख्य शीर्ष 5054

मद कमांक 3

राज्य शासन द्वारा अपरीक्षित नवीन मद के रूप में निम्नलिखित पुलों का निर्माण करने का निर्णय लिया गया है :-

1. राष्ट्र ीय राजमार्ग कमांक 200 के कि.मी.196/6 पर चांपा रेल्वे स्टेशन के पास (मुंबई-हावड़ा रेलमार्ग पर) रेल्वे ओव्हर ब्रिज । अनुमानित लागत रूपये 3000.00 लाख, अनुपूरक बजट प्रावधान रूपये 100.00 लाख ।
2. तिल्दा-सिमगा राज्य मार्ग कमांक 37 पर तिल्दा नगर रेल्वे कासिंग पर फ्लाई ओव्हर ब्रिज । अनुमानित लागत रूपये 2300.00 लाख, अनुपूरक बजट प्रावधान रूपये 100.00 लाख ।

अत: इस प्रयोजन हेतु रूपये 2,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मद कमांक 4

राज्य शासन द्वारा केन्द्रीय सड़क निधि के अन्तर्गत निम्नलिखित सड़कों का निर्माण करने का निर्णय लिया गया है । उक्त कार्यो हेतु राशि भारत शासन से प्राप्त होगी ।

1. सरोना बिरगुड़ी राजमार्ग क. 6-ए सरोना से साल्हेटोला मार्ग कि.मी. 18 से 26/8-बी एवं साल्हेटोला से बिरगुडी मार्ग लंबाई 1 से 12/2 तक चौड़ीकरण । अनुमानित लागत रूपये 496.62 लाख ।
2. कोण्डागांव अमरावती एरला मार्ग कि.मी. 30 से 44/6 का चौड़ीकरण । अनुमानित लागत रूपये 506.14 लाख ।

अत: इस प्रयोजन हेतु रूपये 10,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।